



620

॥ श्रीः ॥

श्रीभुवनेश्वरीविजयतेतराम् ।

पत्रीमार्गप्रदीपिका

वर्षदीपकं च ।

दैवज्ञवर्य्यश्रीमन्महादेवशर्मविरचिते,

तदात्मज-

रत्नललाम (रतलाम) नगरनिवासिपाठकोपाह्वौदुम्बर-

ज्यौ० श्रीनिवासशर्मकृत,

भाषाटीकासहिते ।

त एते

श्रीकृष्णदासात्मजेन खेमराजेन


मुम्बय्यां

स्वकीये "श्रीवेङ्कटेश्वर" मुद्रालयेऽङ्कयित्वा

प्रकाश्यं नीते ।

वैशाख सम्वत् १९६०, शके १८२५.

भूमिका.



पाठकमहाशयो ! जिस सर्वमान्य वेदचक्षु ज्योतिषशास्त्रके द्वारा मनुष्योंका भूत, भविष्य, वर्त्तमान, शुभाशुभ फलज्ञान, जन्मपत्रद्वारा होता है, उसी जन्मपत्रके गणितके प्राचीन तथा अर्वाचीन अनेक ग्रंथ प्रस्तुत हैं परन्तु विशेष परिश्रम व परिज्ञान होनेके अतिरिक्त उनग्रंथोंसे सर्व साधारण तथा विशेषकर बालकोंसे भलीभाँति सुगमतापूर्वक गणित नहीं होसकता, यही सोचकर मेरे परमपूज्यपाद पिताजी श्रीश्री६श्रीदैवज्ञवर्य्य श्रीमहादेवजी महाराजने अनेक प्राचीन ग्रंथोंका सारांश लेके थोड़ेही परिश्रमसे भलीभाँति जन्मपत्रका गणित बनानेके योग्य होजाय ऐसा यह "पत्रीमार्गप्रदीपिका" नामक छोटासा ग्रंथ निर्माणकर अपने द्रव्यसे मुद्रित कराकर विनामूल्य विद्वज्जनोंकी सेवामें समर्पण किया था, किन्तु ईश्वरकी कृपासे थोड़ेही दिनोंमें इसका इतना आदर जनसमुदायमें हुवा कि कई यन्त्राधीश उपयोगी समझ छापनेके लिये आग्रह करने लगे, परन्तु मेरे पूज्यपाद पिताजीने श्रीमान् **खेमराजजी** सेठसे अधिक स्नेह होनेके कारण उन्हींको छापनेका सत्व दिया जिसकी आजतक कई आवृत्तियें छपचुकी हैं सो पाठकोंको विदितही है. इसग्रंथकी भाषाटीका करने बाबत मेरे कई मित्रोंका कितनेही दिनोंसे इसप्रकारका आग्रह था कि यदि ऐसे उपयोगी ग्रंथकी पूर्णरीतिसे भाषाटीका बनाई जाकर इसमें अन्यान्य आवश्यक विषयोंका समावेश भी कियाजाय तो यह ग्रंथ बालकोंको विशेष उपयोगी होगा. ऐसे २ कई प्रकारकी उत्तम उत्तेजनाओंसे उत्तेजित हो आज मैं (अल्पज्ञ) इसकी सरल हिन्दी भाषाटीका तथा उदाहरण तथा आवश्यक २ स्थानोंकी टिप्पणी और भी जो २ उपयोगी विशेष [illegible] इसमें आवश्यकता अवश्य थी, उनकाभी समावेश करके, आपलोगोंके दृष्टिगोचर [illegible] उद्यत हुवा हूं । सो इसमें कहीं दृष्टिदोषसे वा लेखप्रमादसे किसीप्रकारकी त्रुटि रही [illegible] विद्वज्जन कृपादृष्टिसे सुधारके अशुद्धियोंमें हास्य न करते शुद्धार्थसे संतुष्ट हो मेरे प[illegible] सफल करेंगे यही सविनय निवेदन है ।

इस ग्रंथका समग्र **अधिकार** मैं प्रसन्नतापूर्वक श्रीमान्मान्यवर सेठ श्रीकृष्ण[illegible] खेमराजजी "**श्रीवेङ्कटेश्वर**" स्टीम् प्रेसाध्यक्षको देता हूं कि जिन्होंने इस ग्रंथको प[illegible] तासे सुन्दर छापनेका आग्रह दिखाके मेरा उत्साह बढानेकी उदारता दिखाई इसका[illegible] धन्यवाद देता हूं ।

भवदीय–

ज्यौ० श्रीनिवास महादेवजी शर्मा–

रतलाम.

श्रीगणेशाय नमः।

अथ पत्रीमार्गप्रदीपिका।

सोदाहरणा भाषाटीकासहिता प्रारभ्यते।

अथ मंगलाचरण.

नत्वा श्रीशिवशारदागणपतिब्रह्मार्कमुख्यग्रहान्
पत्रीमार्गप्रदीपिकां स्फुटतरां कुर्वे महादेववित् ॥
यत्पक्षे हि घटंति शुद्धखचराः कार्यास्तु तत्पक्षकाः
स्वव्यक्षोदययोः खरामविहृतौ प्राप्ताः पलादिध्रुवाः ॥ १ ॥

भाषाटीकाप्रारंभः।

नत्वा श्रीगुरुपङ्कजं गजमुखं साम्बं शिवं श्रीधरं
पत्रीमार्गसुदीपिकाख्यविवृतिं कुर्वे सतां प्रीतये ॥
पाराशर्यकुलाभिजातगणकोऽहं श्रीनिवासाभिधो
विद्वन्मण्डितरत्नपूर्वसतिकृच्छ्रीपाठकोपाह्वयः ॥ १ ॥

भाषाकार विघ्नविच्छेदार्थ मंगलाचरणरूप गुरु गणपतिको प्रणामपूर्वक भाषारचनाका प्रयोजन तथा अपना गोत्र और निवासस्थान कहताहै—

श्री (शोभायुत) निजगुरु (महादेवजी) के चरणकमल और गजमुख (गणपति) पार्वतीसहित शङ्कर और लक्ष्मीसहित विष्णुभगवानको नमस्कार करके पराशरकुलमें उत्पन्न हुवा (पराशरगोत्र) पाठक ऐसे उपनामसे प्रसिद्ध विद्वन्मंडलीकरके सुशोभित रत्नपुर (रतलामशहर) में निवास करनेवाला मैं श्रीनिवासगणक (ज्योतिर्वित्) सज्जनोंके प्रसन्नहोनेके अर्थ पत्रीमार्ग प्रदीपिका ग्रंथकी भाषाटीका करताहूँ ॥ १ ॥

भाषाटीका—निर्विघ्नतासे ग्रंथ समाप्त होनेके अर्थ ग्रंथकर्ता प्रथम गुरु गणेशादिदेवोंको नमस्काररूप मंगलाचरण शार्दूलविक्रीडितवृत्तके पूर्वार्द्धसे करके ग्रन्थारम्भ करते हैं—

श्रीशिवजीको सरस्वतीजीको गणपतीजीको ब्रह्माजी और सूर्यको आदिले नवग्रहोंको नमस्कार करके महादेव ज्योतिर्विद अत्यंत सरल पत्रीमार्गप्रदीपिका (जन्मपत्रीके मार्गकी प्रकाशकरनेकी प्रदीपिका) नाम ग्रन्थ करे है आर्यब्रह्मसौरादिपक्षोंमेंसे अपने देशमें जिस पक्षके स्पष्टग्रह वेधकरनेसे दृक्तुल्य [illegible] वे उसी पक्षके स्पष्टग्रह करना स्वदेशोदय और लंकोदयोंके [illegible]

---

१ गणेशदैवज्ञः ॥ "लंकोदया विघटिका गजभानि गोङ्कदस्रास्त्रिप [illegible]
हीनान्विताश्चरदलैः क्रमगोत्क्रमस्थैर्मेषादितो घटतउत्क्रमतस्त्विमे स्युः [illegible]

देना लब्धआवे वह पलादिक ध्रुव जानना (स्वदेशोदयके ३० तीसका भाग देनेसे स्वदेशोदयका पलादि ध्रुव और लंकोदयके ३० भाग देनेसे लंकोदयका पलादि ध्रुव होवे)

उदाहरण ।

रतलामशहरके मेषराशीके स्वदेशोदयपल २२७ के ३० तीसका भाग दिया लब्ध ७।३४आया यह मेष राशीका स्वदेशोदयका पलादि ध्रुव हुवा

	लंकोदयाः			रतलामके चरखंडाः	रत्नपुरस्यदेशोदयाः			
क्रमेण	मे.	२७८	मी.	५१	मे.	२२७	मी.	उत्क्रमेण
	वृ.	२९९	कुं.	४१	वृ.	२५८	कुं.	
	मि.	३२३	म.	१७	मि.	३०६	म.	
	क.	३२३	ध.	१७	क.	३४०	ध.	
	सिं.	२९९	वृ.	४१	सि.	३४०	वृ.	
	क.	२७८	तु.	५१	क.	३२९	तु.	

इसीप्रकार मेषराशीके लंकोदय पल २७८ के ३० तीसका भाग दिया लब्ध ९।१६ आये ये मेषराशीका लंकोदयका पलादिक ध्रुव हुवा इसीतरह स्वदेशोदय और लंकोदयकी बारहही राशियोंके पलादिक ध्रुव जानना ॥ १ ॥

मे०	वृ. १	मि. २	क. ३	सिं. ४	क. ५	तु. ६	वृ. ७	ध. ८	म. ९	कुं. १०	मी. ११	
७ ३४	८ ३६	१० १२	११ २०	११ २०	१० ५८	१० ५८	११ २०	११ २०	१० १२	८ ३६	७ ३४	स्वदेशोदय पलादिध्रुव
९ ३६	९ ५८	१० ४६	१० ४६	९ ५८	९ १६	९ १६	९ ५८	१० ४६	१० ४६	९ ५८	९ १६	लंकोदय पलादिध्रुव

अथ लग्नदशमपत्रसाधनमाह ।

स्थापयेत्खं क्रियारंभे ततः स्वध्रुवकान्वितम् ॥
निरायनं भवेत्पत्रं लग्नस्य दशमस्य च ॥ २ ॥

भाषाटीका—अब लग्नपत्र दशमपत्र बनानेकी रीति कहते है. मेषराशीके आरंभमें (मेषराशीके० शून्य अंशके नीचे) तीन शून्य लिखना नंतर स्वदेशोदय और लंकोदयकी मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क आदिक राशियोंके पलादिक ध्रुव क्रमसे युक्त करना सो निरायनलग्नपत्र दशमपत्र होवे (स्वदेशोदयकी मेषादिक राशियोंके पलादिक ध्रुवयुक्त करनेसे लग्नपत्र [illegible]ोदयकी मेषादिक राशियोंके पलादिक ध्रुवयुक्त करनेसे दशमपत्र

उदाहरण ।

[illegible]में मेषराशीके आरंभमें तीन शून्य लिखके रत्नपुर (रत-

अशुद्ध.	शुद्ध.	पृ०	पं०
सलवा	सजवा	९७	ग्रहचक्रे
स्वचरार्द्धेन	स्वचरार्द्धोन	९८	१
नाच	नीचे	९८	८
कोष्ठजं	कोष्ठजं	१०१	१
करना (उससे	करनाउससे)	१०२	२
युक्तं	युक्त	२०२	५
कोष्टकके अंतरकरे इष्टयुक्त कोष्टकमेंसे अल्पकोष्टककोंहीन करे	कोष्टकका अन्तर करना	१०२	६
न्यन	न्यून	१०३	१३
विंशोपकाः	विंशोपका	१०३	१६
मकरासंगल कन्याकका	मकरकामंगल कन्याका	१०८	५
ज्ञङ्गा	ज्ञाङ्ग	१०९	४
सितार्की	सितार्कि	१०९	१०
आशाक०	आशा	१०९	१४
घटेनं	घटेन	११०	१
द्रष्काण अशका ह्वाताअश	द्रेष्काणअंशका होताअंश	११०	टिप्पण्यां
नाच	नीच	११२	१९
राश्यंक	राश्यादि	११२	२३
शत्र	शत्रु	११३	८
मित्र	मित्र	१२१	१
त्रि क० ३०	त्रि क० ३	१२५	६

देना लब्धआवे वह पलादिक ध्रुव जानना (स्वदेशोदयके ३० तीसका भाग देनेसे स्वदेशोदयका पलादि ध्रुव और लंकोदयके ३० भाग देनेसे लंकोदयका पलादि ध्रुव होवे)

उदाहरण।

रतलामशहरके मेषराशीके स्वदेशोदयपल २२७ के ३० तीसका भाग दिया लब्ध ७।३४आया यह मेष राशीका स्वदेशोदयका पलादि ध्रुव हुवा

	लंकोदयाः			रतलामके चरखंडाः	रत्नपुरस्यदेशोदयाः			
क्रमेण	मे.	२७८	मी.	५१	मे.	२२७	मी.	उत्क्रमेण
	वृ.	२९९	कुं.	४१	वृ.	२५८	कुं.	
	मि.	३२३	म.	१७	मि.	३०६	म.	
	क.	३२३	ध.	१७	क.	३४०	ध.	
	सिं.	२९९	वृ.	४१	सिं.	३४०	वृ.	
	क.	२७८	तु.	५१	क.	३२९	तु.	

इसीप्रकार मेषराशीके लंकोदय पल २७८ के ३० तीसका भाग दिया लब्ध ९।१६ आये ये मेषराशीका लंकोदयका पलादिक ध्रुव हुवा इसीतरह स्वदेशोदय और लंकोदयकी बारहही राशियोंके पलादिक ध्रुव जानना ॥ १ ॥

मे०	वृ. १	मि. २	क. ३	सिं. ४	क. ५	तु. ६	वृ. ७	ध. ८	म. ९	कुं. १०	मी. ११	
७ ३४	८ ३६	१० १२	११ २०	११ २०	१० ५८	१० ५८	११ २०	११ २०	१० १२	८ ३६	७ ३४	स्वदेशोदय पलादिध्रुव
९ ३६	९ ५८	१० ४६	१० ४६	९ ५८	९ १६	९ १६	९ ५८	१० ४६	१० ४६	९ ५८	९ १६	लंकोदय पलादिध्रुव

अथ लग्नदशमपत्रसाधनमाह ।

स्थापयेत्खं क्रियारंभे ततः स्वध्रुवकान्वितम् ॥
निरायनं भवेत्पत्रं लग्नस्य दशमस्य च ॥ २ ॥


भाषाटीका—अब लग्नपत्र दशमपत्र बनानेकी रीति कहते है. मेषराशीके आरंभमें (मेषराशीके० शून्य अंशके नीचे) तीन शून्य लिखना नंतर स्वदेशोदय और लंकोदयकी मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क आदिक राशियोंके पलादिक ध्रुव क्रमसे युक्त करना सो निरायनलग्नपत्र दशमपत्र होवे (स्वदेशोदयकी मेषादिक राशियोंके पलादिक ध्रुवयुक्त करनेसे लग्नपत्र [illegible]ोदयकी मेषादिक राशियोंके पलादिक ध्रुवयुक्त करनेसे दशमपत्र


उदाहरण।


[illegible]में मेषराशीके आरंभमें तीन शून्य लिखके रत्नपुर (रत-

अशुद्ध.	शुद्ध.	पृ०	पं०
सलवा	सजवा	९७	ग्रहचक्रे
खचरार्द्धेन	स्वचरार्द्धोंन	९८	१
नाच	नीचे	९८	८
कोष्ठजं	कोष्ठजं	१०१	१
करना (उससे	करनाउससे)	१०२	२
युक्तं	युक्त	२०२	५
कोष्टकके अंतरकेर इष्टयुक्त कोष्टकमेंसे अल्पकोष्टककोंहीन करे	कोष्टकका अन्तर करना	१०२	६
न्यन	न्यून	१०३	१३
विंशोपकाः	विंशोपका	१०३	१६
मकरामंगल कन्याकका	मकरकामंगल कन्याका	१०८	५
ज्ञज्ञा	ज्ञाज्ञ	१०९	४
सितार्कीं	सितार्किं	१०९	१०
आशाक०	आशा	१०९	१४
घटेनं	घटेन	११०	१
द्रष्काण अशका हाताअश	द्रेष्काणअंशका होताअंश	११०	टिप्पण्यां
नाच	नीच	११२	१९
राश्यंक	राश्यादि	११२	२३
शत्र	शत्रु	११३	८
मित्र	मित्र	१२१	१
त्रि क० ३०	त्रि क० ३	१२५	६

अशुद्ध	शुद्ध	पृ०	पं०
देखना	देखता	१२७	टिप्पण्यां
श्वेश	स्वेश	१३४	२४
वर्षाभ	वर्षप्र०	१३५	२४
रात्रौ ॥ जीवे	रात्रौजीवे	१३७	२
दशाः	दशा	१४२	१
सूयें	सूर्यें	१४३	१०
रिशं	रिंश	१४४	१
खाभ्रेभामा	खाभ्रेभाता	१४४	१३







[illegible]

विशेषसूचना.

हमारे यहां निम्नलिखित ग्रंथोंके अनुवाद तथा नवीन ग्रंथ तयार होरहेहैं सो समय २ पर मुद्रित होनेपर आपलोगोंके दृष्टिगोचर कराये जायँगे.

(जिनका अनुवाद होरहा है उन ग्रंथोंके नाम) **जातकतत्व** । (ज्यौतिषफलित)

इसकी विशेष प्रशंसा करनाही क्या है यह ग्रंथ समस्त फलित ग्रंथोंका सार ले सूत्रात्मक बना हुवा है इस ग्रंथकी हजारों प्रतियें कई आवृत्तिमें काशीमें छपचुकी हैं यह फलितका आद्वितीय ग्रंथ मानाजाता है इसग्रंथकी सरल भाषाटीका तयार होचुकी है–

ताजक सुधानिधी–(ज्यौतिषताजक)

यह नारायणभट्टकृत प्राचीन परमोपयोगी ताजिक ग्रंथ है इसमें दलीलग्रह, भावोंकी पंचवर्ग आदि अनेक नवीन विषय हैं ताजक फलका चमत्कारी ग्रंथ है इसकी भाषाटीका होरही है.

विजयाकल्प–(वैद्यशास्त्र)

यह विजयानुरागियोंके तथा वैद्योंके परमोपयोगी है इसमें विजया (भंग) की उत्पत्ति तथा गुण और प्रत्येक रोगोंमें सेवनकी रीति तथा विजयाकल्पके सिद्ध करनेकी मंत्रसहित विधि भलीभाँति वर्णन कीगई है इसकी भाषाटीका तयार है.

भैरवउड्डीस–(तंत्रशास्त्र)

यह साक्षात् भैरवकृत उड्डीस है इसमें अनेक प्रकारके सिद्ध मंत्र तंत्र विधि विधा सहित ऐसे चमत्कारिक हैं कि जिनके द्वारा साधक भलीभाँति अपना अभीष्टकार्य साधन करसके इसकी भी भाषाटीका तयार होरही है थोडीही बाकी रही है.

मुक्तात्मामिलापविधि भाषा–

इसमें मुक्तात्मासे मिलापकरनेकी तथा उनसे बातचीत करनेका शास्त्रोक्तप्रमाणोंसे मंत्र तंत्र सहित विधिविधान विस्तारपूर्वक लिखा है और चक्रकी विधि चक्रके नियम दुष्ट मुक्तात्माचक्रमें नहीं आसके उसका सरल उपाय तथा मुक्तात्मामिलापसे हानि लाभ भी भलीभाँति इसमें सरल भाषामें लिखा है जिसके द्वारा दृढमति स्वतः सहजमें अनुभव करसके ।

सर्वतो भद्र चक्रावलोकनविधि.

संस्कृत, हिन्दी, मराठी–गुजराती भाषाटीकासमेत । ज्योतिष–

समस्तदेश और प्राणिमात्रका शुभाशुभ और रसधान्य फलपुष्पादि समस्त वस्तुमात्रका समर्घ महर्घ (तेजीमंदी) जाननेका परमोपयोगी उपरोक्त सर्वतोभद्रचक्रके देखनेकी रीति विस्तारपूर्वक हम इसमें उपरोक्त चार भाषामें लिख रहे हैं जिसके द्वारा हरएक भाषा जाननेवाला प्रत्येक वस्तुकी तेजीमंदी सहजमें जानसके ।

नवीन ग्रंथ तयार हैं तथा होरहे हैं उनके नाम–दशाफलदर्पण– (ज्योतिष)

यह ग्रंथ समस्त फलितग्रंथोंमेंसे संग्रह करके दशाफल देखनेका एक परमोपयोगी अनूठा बन रहा है इसकी श्लोकसंख्या कमसेकम१०००० दशहजार दश १० भागमें विभक्त होगी जिसमें १–प्रथमविभागमें दशाप्रयोजन ४२ बैयालीस प्रकारकी दशाका भेद और उनके साधनकरनकी, उदाहरणसहित रीति और उन दशाओंके चक्र तथा उनमेंसे कौनसी दशा मुख्य है उसका निर्णय कहकर आगे संपूर्णादि अनेक प्रकारकी दशाफलके भेद विस्तारपूर्वक तथा दशाफल बोधक ग्रह और शुभाशुभ मध्यदशा निश्चयपूर्वक उच्चनीच मूलत्रिकोण स्वक्षेत्र अतिमित्र मित्रादि पांचों भेदसहित अस्त उदित वक्रमार्ग गतिस्थ फलसमेत दिग्बल स्वनवांश बलोपेत राहुयुतादि विशेष २

दशाफलका सूक्ष्म विचार । तथा देहसुख धन भ्रातृमातृ ग्रह ग्राममित्र वाहन विद्या बुद्धि पुत्र रोग शत्रु भार्या, मरण निधिलाभ भाग्यवृद्धि तीर्थयात्रा राज्यलाभ पदप्राप्ति पितृसुख धनादि लाभ व्ययादि बाराहि भावजनित फल किस २ दशामें होगा और किस २ दशामें उपरोक्त बातोंकी हानि होगी उसका विस्तारपूर्वक दशाके ऊपरही फल निश्चय विचार और भी विशेष मिश्रविचार तथा दशाप्रवेश लग्नसे दशाफलका सूक्ष्मविचार दशावाहन फल तथा जाग्रतादि, बालादि, दीप्तादि, गर्वितादि, शयनादि, अवस्थागत ग्रहोंका विशेषरूपसे दशाफल विचार है ।

२–दूसरे विभागमें सूर्यादि नवही ग्रहोंकी विंशोत्तरी महादशाका पृथक् २ महादशाफल विस्तारपूर्वक ऐसी युक्तिसे संग्रह किये हैं कि जिसके द्वारा एक २ ग्रहकी दशाके फलका विचार कमसेकम १०० सौ सौ श्लोकोंसे निश्चय करसके.

३–तीसरे विभागमें अंतर्दशासंबंधि समस्त सामान्य और सूक्ष्मफल विस्तारपूर्वक पृथक् २ ग्रहोंका ऐसा लिखा है कि समस्त अंतर्दशाका सूक्ष्मफल विस्तृतरूपसे विचार अनायास होसके ।

४--५--६--चौथे पांचवे छठें विभागमें क्रमसे उपदशा सूक्ष्मदशा प्राणदशाओंका विस्तारपूर्वक निःशेष फलविचार लिखा है ।

७–सातवेंमें अष्टोत्तरीकी पांचही प्रकारकी दशाका विस्तारपूर्वक फलविचार ।

८–आठमें विभागमें योगिनीदशाके दशांतर्दशादिकका समस्त फलविचार ।

९- नवमें विभागमें चर स्थिर रुद्र शूल वर्णदादि जैमिन्युक्त समस्तदशाओंका सूक्ष्मविचार अंतर्दशादि फलविचारोंसहित है ।

१०–दशम विभागमें उक्तदशाओंके अतिरिक्त शेष समस्त दशाओंका फलविचार और उपसंहार है इसप्रकार यह ग्रंथ दस विभागोंमें समाप्त होनेमें आया है ।

वर्षपद्धति ।

यह वर्षफल लिखनेकी अपूर्व पुस्तक है इसमें हायनरत्न, हिल्लाज, ताजिक भूषण, ताजिक सुधानिधी, कौस्तुभ, नीलकंठी आदि अनेक ताजिक ग्रंथोंसे वर्षका फल संग्रह ऐसी युक्तिसे किया है कि सिर्फ यह एकही पुस्तक जिसके पास होवे तो ताजिक संबंधी दूसरे ग्रंथकी अपेक्षा नहीं रहे और चमत्कारिक फल इसके द्वारा कहके फलितको नहीं माननेवाले नास्तिकोंको आस्तिक बनानेमें कुशल होजावे । (छपने योग्य तयार है)

आशुबोध ज्योतिष ।

यह ग्रंथ ज्योतिषशास्त्रको पढ़ना शुरूकरनेवाले बालकोंके लिये एक उपयोगी प्रथम पुस्तक है इसको पढ़नेसे ज्योतिषका मार्ग भलीभाँति समझ सक्ते हैं. यह भी छपने योग्य तयार है)

लघुपूजा अनुष्ठानपद्धति (कर्मकाण्ड)

यह पूजनविधि और अनुष्ठानादि अनेक कार्यके लिये अद्वितीय पुस्तक है । इसमें टिप्पणी भी प्रत्येक विषयपर है ।

दशांगदुर्गा (सप्तशति) मन्त्रशास्त्र ।

इसमें दुर्गाके दशअंग बडे प्रयत्नसे संग्रह करे ऐसी दुर्गा आजतक कहीं नहीं छपी है मंत्रवेत्ताके उपयोगी है (छपने योग्य ये भी तयार होचुकी है)

इनके सिवाय और भी कईएक ग्रंथोंका अनुवाद होरहा है ।

ज्यो० श्रीनिवासशर्मा,
ज्योतिषकार्यालय–रतलाम.

लाम) के स्वदेशोदयका मेषादिक राशियोंका पलादिक ध्रुव क्रमसे युक्त किया इसलिये यह रतलामका लग्नपत्र हुवा इसीप्रकार जिस ग्रामका लग्नपत्र करना हो उस ग्रामके स्वदेशोदयके पलादि ध्रुवकू युक्त करनेसे उस ग्रामका लग्नपत्र होजायगा और लंकोदयका पलादिक ध्रुव युक्त करनेसे सर्वदेशका दशमपत्र हुवा—

इयं रत्नपुरे लग्नपत्रनिरयनपलभा ५।८ चरखंडा ५१।४१।१७

रा.	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
मे. ०	०	०	०	०	०	०	०	०	१	१	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	२	२	३	३	३	३	३	३	
	०	७	१५	२२	३०	३७	४५	५२	०	८	१५	२३	३०	३८	४५	५३	१	८	१६	२३	३१	३८	४६	५४	१	९	१६	२४	३१	३९	७
	०	३४	८	४२	१६	५०	२४	२८	३२	६	४०	१४	४८	२२	५६	३०	४	३८	१२	४६	२०	५४	२८	२	३६	१०	४४	१८	५२	२६	३४
वृ. १	३	३	४	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६	६	६	६	७	७	७	७	७	७	७	
	४७	५५	४	१२	२१	३०	३८	४७	५५	४	१३	२१	३०	३८	४७	५६	४	१३	२१	३०	३९	४७	५६	४	१३	२२	३०	३९	४७	५६	८
	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	३६
मि. २	८	८	८	८	८	८	९	९	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	११	११	१२	१२	१२	१२	१२	१३	
	५	१५	२५	३५	४५	५६	६	१६	२६	३६	४७	५७	७	१७	२७	३८	४८	५८	८	१८	२९	३९	४९	५९	९	२०	३०	४०	५०	०	१०
	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	१२
क. ३	१३	१३	१३	१३	१३	१४	१४	१४	१४	१४	१५	१५	१५	१५	१५	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१७	१७	१७	१७	१७	१८	१८	१८	१८	
	११	२२	३३	४६	५६	७	१९	३०	४१	५३	४	१५	२७	३८	४९	१	१२	२३	३५	४६	५७	९	२०	३१	४३	५४	५	१७	२८	३९	११
	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	६०	०	२०	४०	२०
सिं. ४	१८	१९	१९	१९	१९	१९	१९	२०	२०	२०	२०	२०	२०	२१	२१	२१	२१	२२	२२	२२	२२	२२	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२४	२४	
	०	२	१३	२५	३६	४७	५९	१०	२१	३३	४४	५५	७	१८	३९	४१	५२	३	१५	२६	३७	४९	०	११	२३	३४	४५	५७	८	१९	११
	५१	२०	४०	०	०	०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	३०	४०	०	२०	४०	२०
क. ५	२४	२४	२४	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२६	२६	२६	२६	२६	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२८	२८	२८	२८	२८	२९	२९	२९	२९	२९	
	३१	४२	५३	३	१४	२५	३६	४७	५८	९	२०	३१	५२	४३	४	१५	२६	३७	४८	५९	१०	२१	३२	४३	५४	५	१६	२७	३८	४९	१०
	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	३९	२६	२४	२२	२०	१८	१६	१४	१२	१०	८	६	४	२	५८
तु. ६	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३१	३१	३१	३१	३१	३२	३२	३२	३२	३२	३२	३३	३३	३३	३३	३३	३४	३४	३४	३४	३४	३४	३५	३५	
	०	१०	२१	३२	४३	५४	५	१६	२७	३८	४९	०	११	२२	३३	४४	५५	६	१७	२८	३९	५०	१	१२	२३	३४	४५	५६	७	१८	१०
	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	१४	१२	१०	८	६	४	१	५८
वृ. ७	३५	३५	३५	३६	३६	३६	३६	३६	३६	३७	३७	३७	३७	३७	३८	३८	३८	३८	३८	३९	३९	३९	३९	३९	४०	४०	४०	४०	४०	४०	
	२९	४०	५१	३	१४	२५	३७	४८	५९	११	२२	३३	४५	५६	७	१९	३०	४१	५३	४	१५	२७	३८	४९	१	१२	२३	३५	४६	५७	११
	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	१०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	६०	०	२०	४०	२०
ध. ८	४१	४१	४१	४१	४१	४२	४२	४२	४२	४२	४३	४३	४३	४३	४३	४३	४४	४४	४४	४४	४४	४५	४५	४५	४५	४५	४६	४६	४६	४६	
	९	२०	३१	४३	५४	५	१७	१८	३९	५१	२	१३	२५	३६	४७	५९	१०	२१	३३	४४	५५	७	१८	२९	४१	५२	३	१५	२६	३७	११
	०	२०	४०	०	०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	६०	०	२०	४०	२०
म. ९	४६	४६	४७	४७	४७	४७	४७	४८	४८	४८	४८	४८	४८	४९	४९	४९	४९	४९	४९	५०	५०	५०	५०	५०	५०	५१	५१	५१	५१	५१	
	४९	५९	९	१९	२९	४०	५०	०	१०	२०	३१	४१	५१	१	११	२२	३२	४२	५२	२	१३	२३	३३	४३	५३	४	१४	२४	३४	४४	१०
	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	०	१२	२४	३६	४८	१२
कुं. १०	५१	५२	५२	५२	५२	५३	५२	५२	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५०	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५५	
	५५	३	१२	२०	२९	३८	४६	५५	२	१२	२१	२८	३८	४६	५५	४	१२	२१	२९	३८	४७	५५	४	१२	२१	३०	३८	४७	५५	४	८
	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	०	३६	१२	४८	२४	३६
मी. ११	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५९	५९	५९	५९	५९	५९	५९	
	१३	२०	२८	३५	४३	५०	५८	५	१३	२१	२८	३६	४३	५१	५८	६	१४	२१	२९	३६	४४	५१	५९	७	१४	२२	२९	३७	४४	५२	७
	०	३४	८	४२	१६	५०	२४	५८	३२	६	४०	१४	४८	२२	५६	३०	४	३८	१२	४६	२०	५४	२८	२	३६	१०	४४	१८	५२	२६	३४

अथ निरयनदशमपत्रचक्रम्।

रा.	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०
मे. ०	०	०	०	०	०	०	०	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	२	३	३	३	३	३	३	४	४	४	४	०
	०	९	१८	२७	३७	४६	५५	४	१४	२३	३२	३४	५१	०	९	१९	२८	३७	४६	५६	५	१४	२३	३३	४२	५१	०	१०	१९	२८	९
	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	१६
वृ. १	४	४	४	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६	६	६	७	७	७	७	७	७	८	८	८	८	८	८	९	९	९	०
	३८	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	९
	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	१४	१२	१०	८	६	४	२	५८
मि. २	९	९	९	१०	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	११	११	१२	१२	१२	१२	१२	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१४	१४	१४	१४	१४	०
	३७	४७	५८	९	२०	३०	४१	५२	३	१३	२४	३५	४६	५६	७	१८	२९	४०	५०	१	१२	२३	३३	४४	५५	६	१६	२७	३८	४९	१०
	०	४६	३२	१८	४	५०	३६	२२	८	५४	४०	२६	१२	५८	४४	३०	१६	२	४८	३४	२०	६	५२	३८	२४	१०	५६	४१	२८	१६	[illegible]
क. ३	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१७	१७	१७	१७	१७	१८	१८	१८	१८	१८	१८	१९	१९	१९	१९	१९	२०	२०	०
	०	१०	२१	३२	४३	५३	४	१५	२६	३६	४७	५८	९	१९	३०	४१	५२	३	१३	२४	३५	४६	५६	७	१८	२९	३९	४०	१	१२	[illegible]
	०	४६	३२	१८	४	५०	३६	२२	८	१४	४०	२६	१२	४८	३४	३०	६	२	४८	३४	२०	६	५२	३८	२४	१०	५६	४२	२८	१०	[illegible]
सिं. ४	२०	२०	२०	२०	२१	११	२१	२१	२१	२१	२२	२२	२२	२२	२२	२२	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२५	२५	०
	२३	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	९
	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	१४	१२	१०	८	६	४	२	५८
क. ५	२५	२५	२५	२५	२५	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२८	२८	२८	२८	२८	२८	२९	२९	२९	२९	२९	२९	०
	२२	३१	४०	४९	५९	८	१७	२६	३६	४५	५४	३	१३	२२	३१	४१	५०	५९	८	१८	२७	३६	४५	५५	४	१३	२२	३२	४१	५०	९
	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	१८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	१६
तु. ६	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३१	३१	३१	३१	३१	३१	३२	३२	३२	३२	३२	३२	३२	३३	३३	३३	३३	३३	३३	३४	३४	३४	३४	०
	०	९	१८	२७	३७	४६	५५	४	१४	२३	३२	४१	५१	०	९	१९	२८	३७	४६	५६	५	१४	२३	३३	४२	५१	०	१०	१९	२८	९
	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	१६
वृ. ७	३४	३४	३४	३५	३५	३५	३५	३५	३५	३६	३६	३६	३६	३६	३६	३७	३७	३७	३७	३७	३७	३८	३८	३८	३८	३८	३८	३९	३९	३९	०
	३८	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	९
	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	१४	१२	१०	८	६	४	२	५८
ध. ८	३९	३९	३९	४०	४०	४०	४०	४०	४१	४१	४१	४१	४१	४१	४२	४२	४२	४२	४२	४३	४३	४३	४३	४३	४३	४४	४४	४४	४४	४४	०
	३७	४७	५८	९	२०	३०	४१	२२	३	१३	२४	३५	४६	५६	७	१८	२९	४०	५०	१	१२	२३	३३	४४	५५	६	१६	२७	३८	४९	१०
	०	४६	३२	१८	४	५०	३६	२२	८	५४	४०	२६	१२	५८	४४	३०	१६	२	४८	३४	२०	६	५२	३८	२४	१०	५६	४२	२८	१४	४६
म. ९	४५	४५	४५	४५	४५	४५	४६	४६	४६	४६	४६	४६	४७	४७	४७	४७	४७	४८	४८	४८	४८	४८	४८	४९	४९	४९	४९	४९	५०	५०	०
	०	१०	२१	३२	४३	५३	४	१५	२६	३६	४७	५८	९	१९	३०	४१	५२	३	१३	२४	३५	४६	५६	७	१८	२९	३९	५०	१	१२	१०
	०	४६	३२	१८	४	५०	३६	२२	८	५४	४०	२६	१२	५८	४४	३०	१६	२	५८	३४	२०	६	५२	३८	२४	१०	५६	४२	२८	१४	४६
कुं १०	५०	५०	५०	५०	५१	५१	५१	५१	५१	५१	५२	५२	५२	५२	५२	५२	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५५	५५	०
	२३	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	२२	३२	४२	५२	२	१२	९
	०	५८	५६	५४	५२	५०	४८	४६	४४	४२	४०	३८	३६	३४	३२	३०	२८	२६	२४	२२	२०	१८	१६	१४	१२	१०	८	६	४	२	५८
मी. ११	५५	५५	५५	५५	५५	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५९	५९	५९	५९	५९	५९	०
	२२	३१	४०	४९	५९	८	१७	२६	३६	४५	५४	३	१३	२२	३१	४१	५०	५९	८	१८	२७	३६	४५	५५	४	१३	२२	३२	४१	५०	९
	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	५०	५६	१२	२८	४४	०	१६	३२	४८	४	२०	३६	५२	८	२४	४०	५६	१२	२८	४४	१६

अथ लग्नदशमसाधनमाह।

तत्र दशमेष्टसाधनमाह—

उदयादिष्टकालेषु द्युदलं हि प्रपातयेत् ॥
दशमस्य भवेदिष्टं सारी खांगै सुखांगने ॥ ३ ॥

भाषाटीका—अब लग्न दशमसाधन कहते हैं, जिसमें प्रथम दशमका इष्ट साधन कहते हैं ॥ सूर्योदयात्—घट्यादिक इष्टमेंसे दिनार्द्ध हीन करना (निकालना) शेष बचे वह दशमभावका इष्ट होवे । दशमभाव और लग्नमें छः राशी युक्त करनेसे सुखभाव और सप्तमभाव होते हैं (दशमभावमें छः राशी युक्त करनेसे चतुर्थभाव और लग्नमें छः राशि युक्त करनेसे सप्तमभाव होवे) ॥ ३ ॥

भांशजौ सायनार्कस्य खाङ्कांकौ स्वेष्टयुक्तौ ॥
कलाद्यास्तद्ध्रुवघ्नाः स्युर्विपलाद्यास्तु संयुताः ॥४॥
तदल्पकोष्ठजौ भांशौ ग्राह्यौ लिप्तादिकावियत् ॥
अल्पेष्टविवरात्पार्श्वान्तराप्तांशादिसंयुतौ ॥ ५ ॥
अयनांशादिवियुताल्लग्नं मध्यं स्फुटं भवेत्

भाषाटीका—सायन सूर्यकी राशी अंशके समान दशमपत्र और लग्नपत्रके कोष्टकमें अपना अपना घट्यादिक इष्ट युक्त करना (दशमपत्रके कोष्टकमें दशमका इष्ट, लग्नपत्रके कोष्टकमें जन्मसमयका इष्ट मिलाना) तदनंतर सूर्यकी कलाविकलाको सायन सूर्यकी राशीके ध्रुवसे गुणन करना गुणन करके आयेहुए अंकोंको इष्टयुक्त किये हुए कोष्टककी विपलमें युक्त करना ॥ ४ ॥ उस इष्ट युक्तकिये हुए कोष्टकसे अल्प(न्यून) कोष्टक जिस राशीअंशमें होवे-वो राशीअंश लेना उसके नीचे कलाविकला शून्यशून्य लिखना तदनंतर इष्टयुक्त कोष्टक और अल्पकोष्टकका अंतर करना शेष अंतरमें अल्पकोष्टक और उसके आगेके (ऐष्य) कोष्टकके अंतरका भाग देना लब्ध आवे वह अंश जानना शेषबचे उनको ६० साठगुणा करना फिर अंतरका भाग देना लब्ध कला आवे फिर शेषको ६० साठगुणा करके अंतरका भाग देना लब्ध विकला आवे ऐसे आये हुए अंशादि ३ तीन फलोंको इष्टयुक्त कोष्टकसे अल्पकोष्टकके आयेहुए राशी अंशादिकमें युक्त करना ॥ ५ ॥ अयनांश हीन करना सो लग्न और दशमभाव स्पष्ट होवे ॥

उदाहरण ।

श्रीगणेशाय नमः ॥ स्वस्ति श्रीसंवत् १९२८ शके १७९३ प्रवर्तमाने अमात माघकृष्ण पौर्णिमांत फाल्गुन कृष्ण३ तृतीयायां भौमवासरे घ. २५।४९

१ शकमेंसे ४४४ चारसे चुम्मालीस हीन करनेसे अयनांश होते हैं । अयनांशोंको स्पष्टसूर्यमें मिलानेसे सायन सूर्य होता है ।

परं ४ चतुर्थ्यां हस्तनक्षत्रे घ. २९।९ परं चित्रानक्षत्रे गण्डयोगे. घ. ४४।५ बालवकरणे एवं पञ्चाङ्गशुद्धावत्र दिवसे. श्रीमन्मार्तण्डमण्डलार्द्धोदयादिष्ट-घटी ५६ पल ४८ विपल. १८ स्पष्टार्क १०।१६।५३।३९ लग्न. ०।२३ समये ज्यो० श्रीनिवासशर्मणो जन्मसमयःदिनमान२८।५०अयनांशाः २२।२९।०

अथ जन्माङ्गम्.

बु ११ सू
श ९
१२ मं
शु १०
८ के
१
७
रा २
गु ४
६ चं
३
५

रतलाममें तथा रतलामके समीपके ग्रामोंमें सौर पक्षके स्पष्टग्रह ग्रहवेधसे दृक्तुल्य मिलते हैं इसवास्ते सौरपक्षके स्पष्टग्रह ग्रहलाघवाख्य करणग्रंथसे किये ग्रंथगताब्दाः ३५१ चक्र ३१ अधिकमास ६ मा-सगण १३६ ऊनाह ६४ अहर्गण ४०३९

इष्टमध्यमाः खेटाः									अथ स्पष्टाः खेटाः								
सू.	चं.	उ.	रा.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
१०	६	२	१	११	११	१	९	८	१०	५	११	१०	३	९	८	१	७
१५	३	२२	२५	१२	२३	२	६	२३	१६	२९	६	१०	०	१२	२४	२५	२५
३	५९	८	४०	३९	३१	४०	२	४४	५३	१९	१४	४४	४३	२६	४८	४०	४०
२१	४३	४०	३१	४८	९	१	४१	४६	३९	४९	५४	१८	१	८	२३	३१	३१
५५	७४८	६	३	२९	१७६	४	३५	१	६०	८०५	४८	१०८	२x	७४	५	३x	३x
५८	२३	१९	०	४४	२७	४४	१	५३	१९	१७	२६	४४	२६	८	२०	११	११

लग्नसाधनका उदाहरण ।

स्पष्टसूर्य १०।१६।५३।३९ में अयनांश २२।२९।० युक्तकिया ११।९।२२।३९ ये सायनसूर्य हुवा इसकी राशी ११ अंश ९ के समान लग्नपत्रका कोष्टक ५७।२१।६ में जन्मसमयका घट्यादिक इष्ट ५६।४८।१८ युक्तकिया ५४।९।२४ हुए इसकी विपलके २४ अंकमें सूर्यकी कलाविकला २२।३९ को सायनसूर्यकी ११ राशीके ध्रुव ७।३४ से गुणन करके आये हुए १७१ अंक युक्तकिये ५४।९।१९५ हुए विपल ६० साठसे अधिक हैं इसलिये साठका भाग दिया लब्ध ३ आये ये ऊपरकी पलके अंक९ में युक्तकिये ५४।१२।१५ये इष्टकोष्टक हुवा॥इससे अल्पकोष्टकलग्नपत्रमें५४।४।०दश(१०)राशी १५ अंशके कोष्टकमें मिलता है इसवास्ते १० राशी १५ अंशलिये इसके नीचे कलाविकला ०।० शून्य शून्य लिखनेसे १०।१५।०।० हुए तदनंतर अल्पकोष्टक ५४।४।० और इष्टयुक्त कोष्टक ५४।१२।१५ के अंतर क्रिया ०।८।१५ शेष बचे इन्में अल्पकोष्टक ५४।४।० और इसके आगेका (ऐष्य)

कोष्टक ५४।१२।३६ को अंतर ०।८।३६ का भाग दिया परंतु भाज्य८।१५ भाजक ८।३६ हैं इसलिये इनको सवर्णित करके भाग दिया भाज्य पिंड ४९५ भाजकपिंड ५१६ हुए भाज्यपिंडमें ४९५ भाजकपिंड ५१६ का भाग दिया लब्ध० अंश आया शेष ४९५ को ६० साठगुणा किये २९७०० हुवे इनमें भाजक ५१६ का भाग दिया लब्ध ५७ कला आई शेष २८८ बचे इनको६० साठगुणे किये १७२८० हुवे इनमें भाजक ५१६ का भाग दिया लब्ध ३५ विकला आई ऐसे अंशादिक फल तीन ०।५७।३५आये इनको१०।१५।०।० में युक्त किये १०।१५।५७।३५ हुवे इसमेंसे अयनांशा २२।२९।० हीन किये शेष९।२३।२८।३५बचे यह स्पष्टलग्न हुवा इसमें ६ छः राशी मिलानेसे३।२३। २८।३५ सप्तमभाव हुवा इसीप्रकार १० दशमभावका साधन किया उसका उदाहरणभी नीचे लिखा है— प्रथम दशमभावके इष्टका उदाहरण—सूर्योदयात् घटचादिक इष्ट ५६।४८।१८दिनार्ध १४।२५।० दिनार्द्धको सूर्योदयात् इष्टमेंसे हीन किया शेष ४२।२३।१८ बचे ये दशमका इष्ट आया— तदनंतर सायनसूर्य ११।९।२२।३९ की राशी ११ अंश ९ के समान दशमपत्रका कोष्टक ५६।४५।२४ में दशमका इष्ट ४२।२३।१८ युक्त किया ३९।८।४२ हुवे इसकी विपलके अंक ४२ में सूर्यकी कला २२ विकला ३९ को सूर्यकी राशी ११ के ध्रुव ९।१६ से गुणन करके आये हुवे २०९ अंकको युक्त किये ३९।८।२५१ विपलमें ६० का भाग दिया लब्ध ४ को पलके अंक ८ में मिलाये ३९।१२।११ ये इष्टयुक्त कोष्टक हुवा इससे अल्पकोष्टक ३९।७।६ राशी ७ अंश २७ के कोष्टकमें मिलते इसलिये ७ राशी २७ अंशलिये नीचे कला० विकला० शून्य लिखी ७।२७।०।० हुवे—तदनंतर अल्पकोष्टक ३९। ७।६ और इष्ट कोष्टक ३९।१२।११ का अंतर किया ०।५।५ शेष बचे इनमें अल्पकोष्टक ३९।७।६ और इसके आगेका (ऐष्य) कोष्टक ३९।१७।४ के अंतर ९।५८ का भाग दिया परंतु भाज्य भाजक दोनो पलादिक अंकके हैं इसलिये भाज्य भाजकको सवर्णित करके भाज्यपिंड ३०५ में भाजक ५९८ का भाग दिया लब्ध ० अंश आया शेष ३०५ को ६० साठ गुणा किया १८३०० हुवे इनमें भाजकपिंड ५९८ का भाग दिया लब्ध ३० कला आई शेष ३६० बचे इनको ६० साठ गुणे किये २१६०० हुवे इनमें भाजक

५९८ का भाग दिया लब्ध ३६ विकला आई ऐसे अंशादिक फल०।३०।३६ आये इनको ७।२७।०।० में मिलाये ७।२७।३०।३६ हुवे इसमेंसे अयनांश २२।२९।० घटाये ७।५।१।३६ शेष बचे यह दशमभाव स्पष्ट हुवा इसकी राशीमें ६ छः राशी युक्त करनेसे १।५।१।३६ चतुर्थभाव हुवा—

अथ भावसंधितच्चक्रसाधनमाह ।

लग्नं तुर्यात्सप्तमात्तुर्यभावं शोध्यं राशिः पञ्चभिस्ताडितोंऽशाः ॥
अंशाद्याश्चेद्दिग्घताः स्युः कलाद्याः लग्ने तुर्ये पञ्चवारं प्रदद्यात् ॥ ६ ॥
तन्वाद्याः संधिसहिता भावाः षट्षड्युताः परे ॥
यदंत्यारंभयोः संध्योरन्तस्थस्तद्गतोग्रहः ॥ ७ ॥

भाषाटीका—अब भावसंधि और चलितचक्रका साधन कहते हैं॥लग्नको चतुर्थ भावमेंसे चतुर्थ भावको सप्तमभावमेंसे शोधना (हीन करना) शेष राशीको ५ पांच गुणी करना अंश होवे और जो अंश कला विकलाको दशगुणा करे सो कलादिक होवे ऐसे अंशादिकको लग्नमें और चतुर्थभावमें(चतुर्थभावमेंसे लग्नको हीन किया हो तो लग्नमें सप्तमभावमेंसे चतुर्थभाव हीन किया हो तो चतुर्थभावमें) पांचवार युक्त करना ॥६॥ सो लग्नको आदिले संधिसहित ६ छः भाव होवें इन ६ छः भावोंमें छः छः राशी युक्त करनेसे शेष छःभाव होवें॥जिसभावकी अंत्य (आगेकी) और आरंभ (पीछेकी) संधियोंके मध्यमें (बीचमें) ग्रह होवे वह उसी भावमें स्थित जानना ॥ अर्थात् ग्रह जिसभावमें स्थित होवे उस भावकी आरंभ (पीछेकी) संधीसे न्यून होवे तो गतभावमें स्थित होवे और अंत्य (आगेकी) संधीसे अधिक हो तो आगेके भावमें स्थित होवेगा ॥ यदि इन दोनों संधियोंके बीचमें होवे (आरंभसंधीसे अधिक और विरामसंधिसे न्यून होवे) तो उसी भावमें ग्रह स्थित जानना ॥ ७ ॥

उदाहरण ।

लग्न ९ । २३ । २८ । ३५ । को चतुर्थभाव १ । ५ । १ । ३६ मेंसे हीन किया शेष ३ । ११ । ३३ । १ बचे इसकी राशीके अंक ३ को ५ गुणे करनेसे १५ हुवे ये अंश हुवे शेष अंशादिक ११ । ३३ । १ को दशगुणे किये ११० । ३३० । १० । ये कलाविकला प्रतिविकलादिक हुवे परंतु ये कला-


दिक ६० साठसे अधिक हैं इसलिये साठका भाग विकला ३३० में दिया शेष ३० विकला रही लब्ध ५ कलाके ११० अंकमें युक्त किया ११५ कला हुई इसमें भाग ६० साठका दिया शेष ५५ कला रही लब्ध १ अंश १५ में युक्त किया अंश १६ हुवे इसप्रकार राशीको ५ गुणी अंशादिकोंको १० दशगुणे करनेसे अंश १६ कला ५५ विकला ३० प्रतिविकला १० आई इनको लग्न ९ । २३ । २८ । ३५ । में युक्त किये १० । १० । २४ । ५ । १० ये दूसरे भावकी आरंभसंधी हुई इसमें फिर १६ । ५५ । ३० । १० अंशादिक युक्त किये १० । २७ । १९ । ३५ । २० यह धनभाव हुवा धनभावमें अंशादिक १६ । ५५ । ३० । १० युक्त किये ११ । १४ । १५ । ५ । ३० यह तृतीयभावकी आरंभसंधी हुई इसमें अंशादिक १६ । ५५ । ३० । १०मिलाये० । १ । १० । ३५ । ४० यह तृतीयभाव हुवा तृतीय भावमें १६ । ५५ । ३० । १० युक्त किये ० । १८ । ६ । ५ । ५० यह चतुर्थभावकी आरंभसंधी हुई इसमें अंशादिक १६ । ५५ । ३० । १० मिलाये १ । ५ । १ । ३६ । ० ये चतुर्थभाव हुवा—इसीप्रकार चतुर्थभाव १।५।१।३६ को सप्तमभाव ३।२३।२८। ३५ मेंसे हीन किया २।१८।२६।५९ शेष बचे इसकी राशी २ को ५ पांचगुणी और अंशादिक १८।२६।५९ को १० दशगुणे करनेसे १३ । ४ । २९।५० अंशादिक हुए इनको चतुर्थभावमें पांचवार युक्त किये सो चतुर्थको आदिले सप्तमभावपर्यंत संधिसहित भाव हुवे ऐसे लग्नादिक संधिसहित ६ छः भाव हुवे इन संधिसहित ६ छही भावोंकी राशीमें छः छः राशी युक्त करनेसे शेष सप्तमभावको आदिले संधिसहित ६ भाव हुए—

अथ ससंधयःद्वादशभावाः ।

१	सं	२	सं	३	सं	४	सं	५	सं	६	सं		
९	१०	१०	११	०	०	१	१	२	३	३	३		
२३	१०	२७	१४	१	१८	५	१८	१	१४	२७	१०		
२८	२४	१९	१५	१०	६	१	६	१०	१५	१९	२४		
३५	५	३५	५	३५	५	३६	५	३५	५	३५	५		
७	सं	८	सं	९	सं	१०	सं	११	सं	१२	सं		
३	४	४	५	६	६	७	७	८	८	८	९		
२३	१०	२७	१४	१	१८	५	१८	१	१४	२७	१०		
२८	२४	१९	१५	१०	६	१	६	१०	१५	१९	२४		
३५	५	३५	५	३५	५	३५	५	३५	५	३५	५		

जन्मकुंडलीमें सूर्य २ द्वितीयभावमें स्थित है द्वितीयभावकी आरंभसंधि १०।१० से सूर्य १०।१६ अधिक है और द्वितीयभावकी विराम (आगेकी) संधी ११।१४ से न्यून है इसलिये यह सूर्य अंत्य आरंभसंधीके बीचमें हुवा इससे द्वितीयभावमेंही स्थित रहा मंगल ११।६ यह तृतीयभावकी आरंभ-संधी ११।१४ से न्यून है इससे मंगल द्वितीयभावमें स्थित जानना ऐसेही गुरु ३।० है यह सप्तमभावकी आरंभसंधी ३।९ से अल्प है इसकारण ६ छठे भावमें स्थित हुवा इसीप्रकार शेष सर्व ग्रह भावोद्भव (चलित) चक्रमें जानना ॥

अथ चलित चक्रम् ।



अथ क्षय-चय-फल-विश्वानयनमाह ।

भावतुल्ये ग्रहे रूपं संधितुल्ये तु निष्फलम् ॥
भावसंध्यंतरेणाप्तं खेटसंध्यंतरं च यत् ॥ ८ ॥
भावान्न्यूनाधिके खेटे फलं वृद्धिक्षयाभिधम् ॥
फलस्याग्न्यंशको विश्वा यद्वा विंशहतं फलम् ९ ॥

भाषाटीका-अब क्षय चय फल विश्वा आनयनकी रीति कहते हैं-भावके अंश कला विकलाके समान (बरोबर) ग्रह होवै तो पूर्णफल होता है उस ग्रहका (१।०।० फल जानना) और संधीके अंश कला विकलाके तुल्य (बरोबर) ग्रह होवे तो निष्फल होता है (उस ग्रहका ०।०।० फल जानना) न्यूनाधिक होवे तो भावसंधीके अंतरका भाग देना ग्रहसंधीके अंतरमें (ग्रह जिस भावमें स्थित होवे उस भावसे न्यून होवे तो उस भावकी आरंभसंधिसे ग्रहभावका अंतर करना और भावसे ग्रह अधिक होवे तो विराम (आगेकी) संधीके साथ ग्रहभावका अंतर करना) जो फल लब्ध आवे वह ॥ ८ ॥ भावसे ग्रह न्यून होवे तो वृद्धि (चय) और भावसे ग्रह अधिक होवे तो क्षयसंज्ञक फल जानना फलका तृतीयांश (फलके तीनका भाग देना) विश्वा जानना अथवा आये हुवे फलको वीस गुणा करना सो विश्वा होवे ॥ ९ ॥

उदाहरण ।

सूर्य १०।१६।५३।३९ यह द्वितीय भावसे न्यून है अत एव द्वितीय

---

१ धरणीधरः ॥ "न्यूनसंधिग्रहाद्भावाच्छोध्यो भावाल्पके खगे ॥ तदग्रिमाच्च संशोध्यो ग्रहो भावस्तथाधिके" ॥ इति ॥

भावकी आरंभसंधि १० । १० । २४ । ५ से अंतर किया ० । ६ । २९ । ३४ यह ग्रहसंध्यंतर हुवा इस्में इसी आरंभसंधि १०।१०।२४।५ के साथ द्वितीयभाव १०।२७।१९।३५ का अंतर किया ० । १६ । ५५ । ३० ये भावसंध्यंतर हुवा इसका भाग दिया-भाज्य ग्रहसंध्यंतर भाजक भावसंध्यंतर दोनो अंशादिक हैं इसलिये इनको सवर्णित किये भाज्यपिंड २३३७४ में भाजक पिंड ६०९३० का भाग दिया लब्ध० शेष २३३७४ को ६० साठ गुणे किये१४०२४४०हुवे भाग६०९३०का दिया लब्ध २३ कला आई शेष १०५० बचे इनको ६० गुणे किये६३००० हुवे इन्में फिर भाजक भावसंध्यंतर६०९३०का भाग दिया लब्ध१विकला आई ऐसे फल३तीन आये०।२३।१ ये भावसे ग्रह न्यून है अतएव चयसंज्ञक सूर्यके फल हुए--इसीप्रकार चंद्रादि ग्रहोंके फल जानना--अब विश्वा आनयन कहते हैं सूर्यके फल २३।१ के ३ तीनका भाग दिया लब्ध ७।४० ये विश्वा हुवे अथवा फल २३।१ को २० वीसगुणा किया ४६०।२० साठ ६० का भाग दिया लब्ध ७ शेष ४० बचे ये विश्वा आये इसीप्रकार चंद्रादिकके विश्वा जानना.

अथ क्षयचक्रफलविश्वाचक्रम्.

र.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	
० २३ १	० ५३ २७	० २८ २२	० १ ११	० ५८ ५१	० ८० २०	० ४८ २३	० ३४ ४५	फल.
चय	चय	चय	चय	चय	क्षय	चय	चय	क्षय चय.
७ ४०	१७ ४७ ४०	९ २७ २०	० २३ ४०	१६ १३ ४०	३ ६ ४०	१६ ७ ४०	१३ ३५ ०	विश्वा.

अथ ग्रहाणामवस्थानयनमाह व्यङ्कटेशः ।

बालाद्यवस्थाः क्रमशो ग्रहाणामोजे समे तद्विपरीतमाहुः ॥
बालः कुमारोथ युवा च वृद्धो मृतोलवानामृतुभिः क्रमेण इंति॥१०॥

भाषाटीका--अब ग्रहोंकी अवस्था लानेकी रीति व्यंकटेश कहते हैं॥ ग्रहोंकी बालादिक अवस्था क्रमसे विषम (एकी) राशीमें छः छः अंशोंके क्रमसे बाल१

कुमार २ युवा ३ वृद्ध ४ मृत ५ कही है और सम (बेकी) राशीमें वह बालादि अवस्था विपरीतक्रमसे (मृत १ वृद्ध २ युवा ३ कुमार ४ बाल ५) कही है ॥ १० ॥

बालाद्यवस्थासारणीचक्रम्.							
६	१२	१८	२४	३०	अंशः		
बाल	कुमार	युवा	वृद्ध	मृत	विषम	राशी	
मृत	वृद्ध	युवा	कुमार	बाल	समरा	राशी	

उदाहरण ।

सूर्य १०।१६।५३।३९ यह विषमराशीका है और छःछःअंशके क्रमसे तीसरे विभागमें है अतएव तीसरी युवा अवस्थामें हुवा इसी प्रकार शेष चंद्रादि ग्रहकी अवस्था जानना ॥

अथ बालाद्यवस्थाचक्रम्.								
सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	
युवा	बाल	वृद्ध	कुमार	मृत	युवा	मृत	बाल	

अथ दृष्टिसाधनमाह धरणीधरः ।

द्रष्टाविहीनदृश्यस्य क्रमादेकादिभे दृशः ॥
भागार्द्धं तिथियुग्भागा भागार्द्धोनशराब्धयः ॥ ११ ॥
भोग्यभागाद्द्विनिघ्नांशाः क्रमात्षड्भाधिके ग्रहे ॥
दिग्भ्यः शुद्धे लवार्द्धं च ज्ञेया लिप्तादिकादृशः ॥ १२ ॥

भाषाटीका--अब धरणीधर दृष्टिसाधन कहते हैं, द्रष्टाग्रहको हीन करना दृश्य ग्रहमेंसे क्रमसे एकको आदिले शेषराशीयोंकी दृष्टि जानना॥एकराशी शेष बचे तो राशी विना अंशोंको अर्द्ध (आधे) करना यदि २ दो राशी शेष रहे तो राशी विना अंशोंमें १५ पंदर युक्त करना और तीन राशी शेष बचे तो अंशोंको अर्द्ध (आधे) करना और ४५ पैतालीसमेंसे शोधना ॥ ११ ॥ चार ४ राशी शेष बचे तो भोग्यांश (राशी विना अंशोंको ३० तीसमेंसे हीन करना) यदि ५ पांच राशी शेष बचे तो राशी विना अंशोंको द्विगुण करना और क्रमसे छः ६ सात ७ आठ ८ नव ९ राशी शेष बचे तो शेष राश्यादिकोंको १० दश राशीमेंसे शोधना—शेष बचे उसके अंश करके अर्ध (आधे) करना जो आवे वह कलादिक दृष्टि जाननी ॥ १२ ॥

१ यस्य ग्रहस्य दृष्टिरानीयते असौ द्रष्टा—जिस ग्रहकी दृष्टि लाना हो वह द्रष्टा ।

२ यं ग्रहं प्रत्यानीयते असौ दृश्यः—जिस ग्रहपर दृष्टि लाना हो वह दृश्य होता है ।

अथ भौमस्य विशेषदृष्टिमाह ।

पंचेन्दुयुक्ताः खलु सार्द्धभागा द्विभेंऽगभे षष्टिकलास्तथैव ॥
भागोनषष्टिर्भवतीह दृष्टिस्त्रिभेऽद्रिभे भूमिसुतोनदृश्ये ॥ १३ ॥

भाषाटीका--अब मंगलकी विशेष दृष्टि कहते हैं मंगलको हीन करे दृश्यमेंसे और यदि दो २ राशी शेष बचे तो राशी विना अंशोंको डेढे (अंशादिकके २का भाग देके आवे वह उन्ही अंशादिमें युक्त करना) करना और १५ पंदर युक्त करना कलादिक दृष्टि होवे और ६ छः राशी शेष बचे तो ६० साठकला दृष्टि जानना तैसेही यदि तीन राशी ७ सात राशी शेष बचे तो राशी विना अंशादिकोंको ६० साठमेंसे शोधना सो कलादिक भौमकी विशेष दृष्टी होवे उक्तराशियोंके अतिरिक्त राशी शेष बचे उसकी श्लोक ११।१२ के अनुसार दृष्टि करना ॥ १३ ॥

अथ जीवस्य विशेषदृष्टिमाह ।

जीवोनदृश्यस्य तु वेदभे स्याद्विघ्नांशकोना खलु षष्टिरेव ॥
सार्द्धांशकोना गजभे तु षष्टिस्त्रिभेऽद्रिभेंशार्द्धयुतेषु वेदाः ॥ १४ ॥

भाषाटीका—अब गुरुकी विशेष दृष्टि कहते हैं गुरुको हीन करे दृश्यमेंसे और यदि ४ चार राशी शेष बचे तो राशी विना अंशादिकोंको २ द्विगुण कर्के ६० साठमेंसे हीन करना दृष्टि होवे और ८ आठ राशी शेष बचे तो अंशोंको डेढे (अंशोंको आधे कर्के उन्ही अंशोंमें मिला) कर्के साठ ६० मेंसे शोधना (हीन करना) शेष बचे वह दृष्टी जानना इसीप्रकार यदि तीन ३ राशी सात ७ राशी शेष बचे तो अंशोंको अर्ध (आधे) कर्के ४५ पैंतालीस युक्त करना सो कलादिक गुरुकी विशेष दृष्टि होवे ॥ १४ ॥

अथ मंदस्य विशेषदृष्टिमाह ।

द्विनिघ्नभागाविधुभेंतरस्याद्विभे तु भागार्द्धविहीनषष्टिः ॥
द्विघ्नांशकोना नवभे तु षष्टिस्त्रिशद्युतातद्गजभेऽर्कजस्य ॥१५॥ इति

भाषाटीका—अब शनिकी विशेष दृष्टि कहते हैं—शनिको हीन करे दृश्यमेंसे यदि १ एक राशी शेष बचे तो राशी विना अंशादिकको द्विगुण करनेसे कलादिक

दृष्टि होती है और यदि २ दो राशी शेष बचे तो अंशोंको अर्ध (आधे) करके साठमेंसे हीन करना इसीप्रकार ९ नवराशी शेष बचे तो राशिविना अंशोंको द्विगुण करके साठमेंसे शोधनेसे दृष्टी होती है और ८ आठ राशी शेष बचे तो राशी विना अंशोंमें ३० तीस युक्त करना शनीकी विशेष दृष्टी होवे ॥ १५ ॥

सर्वेषांदृष्टिसाधनकोष्टक.									भौमविशेषदृष्टि.				गुरुविशेषदृष्टिकोष्टक.				
१	२	३	४	५	६	७	८	९	२	३	६	७	३	४	७	८	
अंशा	अंशा	अंशा द्धं	अंशा	अंशा	अंशा द्धं	अंशा द्धं	अंशा द्धं	अंशा द्धं	अंशा देव	अंशा	०	अंशा	अंशा अर्द्धा	अंशा द्विधा	अंश अद्ध	अंशा देढा	
अद्धे	१६ युक्ता	४५ × शु.	३० × शु.	२ गुणा	६० × शु.	४५ × शु.	३० × शु.	१५ × शु.	१५ यु.	६० × शु.	६० कला द्र.	६० × शु.	४५ यु.	६० × शु.	४५ यु.	६० × शु.	

शनिविशेषदृष्टि.			
१	२	८	९
अंशा	अंशा अर्द्धा	अंशा	अंशा द्विधा
२ गुणा	६० × शु.	३० यु.	६० शु.

उदाहरण।

सूर्य१०।१६।५३।३९मेंसे द्रष्टा चंद्र ५।२९।१९।४९ हीन किया४।१७।३३।५० हुवे शेष चार राशी बची हैं इसकारण इसके अंशादिक१७।३३।५० को ३० तीसमेंसे हीन किये १२।२६ शेष बचे ये सूर्यपर चंद्रकी दृष्टी हुई— इसीप्रकार दृश्य सूर्यमेंसे भौम११।६।१४।५४ को हीन किया ११।१०।३८।४५ हुवे शेष ग्यारा राशी हैं इसकी दृष्टी नहीं है इसकारण सूर्यपर भौमकी दृष्टी ०।० सूर्य दृश्यमेंसे द्रष्टा बुध १०।१०।४४।१८ को हीन किया शेष ०।६।९।२१ बचे शून्यराशीकी दृष्टी उक्त नहीं है इसलिये सूर्यपर बुधकी दृष्टी ०।० हुई सूर्यमेंसे द्रष्टा गुरु ३।०।४३।१ हीन किया शेष ७।१६।१०।३८ बचे सात राशी शेष हैं इसलिये गुरूकी विशेष दृष्टी श्लोकमें कहे अनुसार अंशोंको आधे किये ८।५ हुवे इनमें ४५ युक्त किये १४।५३।५ ये सूर्यपर गुरूकी विशेष दृष्टी हुई—

ग्रहोंपरिग्रहाणांदृष्टिचक्रं.							
र.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	
०	०	०	०	०	०	०	
०	३८	०	०	३२	०	०	सू.
०	४६	०	०	२२	०	०	
०	०	०	०	०	०	०	
१२	०	१३	१८	१४	३८	४०	चं.
२६	०	५०	३५	१८	२७	२८	
०	१	०	०	०	०	०	
०	०	०	०	३५	०	५	मं.
०	०	०	०	३२	०	४३	
०	०	०	०	०	०	०	
०	३५	०	०	१०	०	०	बु.
०	२४	०	०	२	०	०	
०	०	०	०	०	०	०	
५३	४३	५१	५०	०	५४	४८	गु.
५	३६	४४	१	०	८	१०	
०	०	०	०	०	०	०	
२	२२	११	०	३६	०	०	शु.
१३	३३	५४	०	३२	०	०	
०	०	०	०	०	०	०	
४४	५०	५४	३१	५७	०	०	श.
१०	५८	१७	५०	२	०	०	

दृश्य सूर्यमेंसे शुक्र९।१२।२६।८ को हीन किया शेष १ । ४ । २७ । ३१ बचे शेष एक राशी है इसलिये अंश ४ । २७ । ३२ को आधे किये २ । १३ ये सूर्यपर शुक्रकी दृष्टी आई फिर दृश्य सूर्यमेंसे द्रष्टा शनि ८।२४।४८।२३ हीन किया१।२२।५।१६ शेष एकराशी बची इसवास्ते शनीकी विशेष दृष्टी श्लोक १५ में कहे अनुसार अंशादिक २२।५ को द्विगुण किये४४।१० ये सूर्यपर शनीकी दृष्टी हुई इसीप्रकार शेष ग्रहोंपर ग्रहोंकी दृष्टि तथा भाव दृश्यपर ग्रह द्रष्टाकी दृष्टी जानना—इति ॥

भावोपरिग्रहाणांदृष्टिचक्रं.												
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	भावा:
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	
०	०	०	३३	३७	१९	१३	५४	३७	२०	७	०	सू.
०	०	०	७	५२	३४	१०	४७	५२	५६	५१	०	
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	
३२	२	५९	४२	२८	१६	२	०	०	२	१६	४३	चं.
५६	०	४	१०	५	१	५६	०	०	५१	५१	०	
०	०	०	०	०	०	०	०	१	०	०	०	
०	०	०	१४	५२	३८	१२	४२	०	३१	१७	०	मं.
०	०	०	२३	२४	५५	४६	१०	०	१३	३२	२७	
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	
०	०	१०	३९	३४	३३	२५	५१	३४	१७	४	०	बु.
०	०	१३	१७	४७	१०	२८	४२	४७	५१	४७	०	
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	
४८	३१	१४	०	०	०	०	१३	४५	५१	०	५३	गु.
३७	४२	४६	०	०	०	०	१८	१४	२४	५४	१९	
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	
०	७	३३	३३	११	२९	५४	३७	२०	३	०	०	शु.
०	२६	४४	४२	१६	४६	२९	३४	४०	४२	०	०	
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	
०	५८	४१	१९	१२	५८	४५	३२	४७	०	०	०	श.
०	४५	४९	४७	४४	४५	४०	३१	१६	०	०	०	

अथ राशीनां स्वामिनः । उक्तं च व्यंकटेशेन ।

भौमाच्छविच्चन्द्ररविज्ञशुक्रवक्रेज्यमंदार्कसुतामरेज्याः ॥
मेषादिभानामधिपाः क्रमेण तदंशकानामपि ते भवेयुः ॥ १६ ॥

भाषाटीका—अब राशियोंके स्वामी व्यंकटेश कहते हैं--भौम (मंगल १) अच्छ (शुक्र २) वित् (बुध ३) चंद्र (चंद्र४) रवि (सूर्य ५) ज्ञ (बुध ६) शुक्र (शुक्र ७) वक्र (भौम ८) इज्य (गुरु ९) मंद (शनि १०) अर्कसुत (शनि ११) अमरेज्य (गुरु १२) क्रमसे मेषादिक राशियोंके स्वामी जानना, और मेषादिक राशियोंके अंशादिकोंके (द्रेष्काण सप्तमांश नवमांश द्वादशांश आदिके)भी क्रमसे येही स्वामी होते हैं ॥ १६ ॥

अथ नैसर्गमैत्रीमाह विश्वनाथः ।

इन्द्वीज्यक्षितिजारवींदुतनयौ सूर्येन्दुजीवाः क्रमा-
द्भृग्वर्कौ शशिसूर्यभूमितनया ज्ञार्की ज्ञशुक्रौ मताः ॥
सूर्यादेः सुहृदः समाः शशिसुतःसर्वेऽपि मंदास्फुजि-
न्मंदाचार्यकुजाःशनिः कुजगुरू जीवः परे वैरिणः ॥ १७ ॥

भाषाटीका—अब स्थिरमैत्री विश्वनाथ कहते हैं—चंद्र गुरु भौम १,सूर्य बुध २,सूर्य चंद्र गुरु ३, शुक्र सूर्य४,चंद्र सूर्य भौम ५, बुध शनि६,बुध शुक्र७, क्रमसे सूर्यादिक ग्रहोंके मित्र कहे हैं और बुध१, सर्व ग्रह २ (मं० गु० शु० श०) शनि शुक्र ३ शनि गुरु भौम ४, शनि ५,भौम गुरु ६, गुरु ७,क्रमसे सूर्यादिक ग्रहोंके सम कहे हैं शेष (मित्रसमसे बाकी रहे वह) शत्रु जानना ॥ १७ ॥

नैसर्गमैत्री,							
र.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	
चं. गु. मं.	र. बु.	र. चं. गु.	सू. शु.	र. चं मं.	बु. श.	बु. शु.	मित्र.
बु.	मं.गु.शु.श.	श. शु.	श. गु. मं.	श.	मं. गु.	गु.	सम.
शु. श.	०	बु.	चं.	शु. बु.	सू. चं.	र. चं. मं.	शत्रु.

अथतात्कालिकपंचधामैत्रीसाधनमाह-सोमदैवज्ञः ।

गृहतोऽर्थतृतीय २ तोय ४ खाय ११ व्यय १२ संस्थाः सुहृदो नभश्चराः ॥ इतरालयगा द्विपो मुनी न्द्रैरिति तत्कालजमित्र शत्रवःस्युः ॥ १८ ॥

भाषाटीका–अब तात्कालिक पंचधा मैत्रीसाधन सोमदैवज्ञ कहतेहैं। जिस ग्रहसे २।३।४।१०।११।१२ वें स्थानमें जो ग्रह स्थित होवे वह मित्र जानना शेष १।५।६।७।८।९ स्थानमें गये हुवे ग्रह शत्रु जानना इसप्रकार मुनीलोगोंने तात्कालिक मित्र शत्रु कहे हैं ॥ १८ ॥

उदाहरण।

सूर्यसे २ भौम ११ शनि १२ शुक्र स्थित हैं इसकारण ये सूर्यके मित्र हुवे और १ बुध ६ गुरु ८ चंद्रमा स्थित हैं ये सूर्यके शत्रु हुवे इसीप्रकार चंद्रादि सर्व ग्रहोंके तात्कालिक मित्र शत्रु जानना इति।

तात्कालिकमैत्रीचक्रम्।							
र.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	
मं शु. श.	श. गु.	र. बु. शु. श.	मं. शु. श.	चं.	९. बु. मं. श.	र. शु बु. मं. चं.	मित्र
चं बु. गु.	र. मं. गु. शु.	चं. गु.	र. चं. गु.	र. मं. बु. शु. श.	चं. गु	गु.	शत्रु

अधिमित्रसमत्वमेति मित्रं समखेटस्तु सुहृद्रिपुत्वमेति ॥
रिपुरेति समाधिशत्रुभावं खलु तत्कालजमित्रशत्रुभावात् ॥ १९ ॥

भाषाटीका–नैसर्गमैत्रीका मित्र ग्रह तात्कालिक मैत्रीमें मित्र होवे तो अधिमित्र और शत्रु होवे तो समत्वभावको प्राप्त होता है (मित्रमित्र अधिमित्र मित्रशत्रु सम होताहै) और नैसर्गमैत्रीका समग्रह तात्कालिक मैत्रीमें मित्र होवे तो मित्र शत्रु होवे तो शत्रुभावको प्राप्तहोताहै (सममित्र--मित्र समशत्रु-शत्रु होताहै) एवं नैसर्ग मैत्रीका शत्रुग्रह तात्कालिकमैत्रीमें मित्रहोवे तो सम और शत्रु होवे तो अधिशत्रु-भावको प्राप्तहोताहै (शत्रुमित्र–समशत्रु शत्रु–अधिशत्रु होताहै) ॥ १९ ॥

उदाहरण।

यहाँ नैसर्गमैत्रीमें सूर्यके चंद्र गुरु मित्र हैं ये चंद्र गुरु तात्कालिक मैत्रीमें सूर्यके शत्रु हैं अतः चंद्र गुरु पंचधामैत्रीमें सूर्यके सम हुवे एवं नैसर्गमैत्रीमें भौम सूर्यका मित्रहै तात्कालिक मैत्रीमें भी मित्र है इस लिये भौम सूर्यके अधिमित्र हुआ पंचधामैत्रीमें; और नैसर्गमैत्रीमें सूर्यके बुध सम है यह बुध तात्कालिकमैत्रीमें सूर्यके शत्रु हैं अतः शत्रुभावको बुध प्राप्त

अथ पञ्चधा मैत्रीचक्रम्।							
र.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	
मं.	०	र.	शु.	चं.	श. बु.	बु. शु.	ऽधि. मि
०	श. गु.	शु. श.	श. मं.	०	मं.	०	मित्र
चं. गु. शु. श.	र. बु.	चं. गु. बु.	र.	र. मं.	र.	र. चं. मं.	सम.
बु	शु. मं.	०	गु.	श.	गु.	गु.	शत्रु
०	०	०	चं.	बु. शु.	चं.	०	ऽधि शत्रु

हुवा—इसीप्रकार नैसर्गमैत्रीमें सूर्यके शुक्र, शनि शत्रु हैं ये तात्कालिक मैत्रीमें मित्र हैं इसलिये सूर्यके शनि, शुक्र पंचधा मैत्रीमें सम हुवे ऐसेही शेष ग्रहोंके अधिमित्रादि जानना इति.

अथ षड्वगसाधनमाह केशवः ।

भेशो ऽथार्केन्दुहोरे अयुजियुजि शशिब्रध्नयोः स्वात्मजांक-
क्षेशास्त्र्यंशा नवांशा अजमकरतुलाकर्कितोऽर्कांशकाः स्वात् ॥
भौमार्कीज्यज्ञशुक्रा अयुजि शर ५ शर ५ ष्टा ८ द्रि ७ पंचां ५ शनाथा-
स्त्रिंशा युग्मे विलोमाः क्रमवलिन इमे षट्शुभैःसद्युगोध्वैः ॥ २० ॥इति।

भाषाटीका--अब केशवदैवज्ञका कहाहुवा षड्वर्गसाधन कहते हैं । राशियोंके स्वामी प्रथमश्लोक १६ में कहेहैं वे जानना. तदनंतर विषमराशीमें प्रथम विभागमें सूर्यकी, द्वितीयविभागमें चंद्रकी होरा जानना और सम राशीके प्रथम विभागमें चंद्रकी, दूसरे विभागमें सूर्यकी होरा जानना, प्रथम १ पंचम ५ नवम ९ राशीके स्वामी द्रेष्काणके स्वामी होतेहैं (ग्रह प्रथम विभागमें १० अंशमें) होवे तो अपनी राशीका स्वामी द्रेष्काणका स्वामी जानना—और ग्रह दूसरे विभागमें (१० अंशसे अधिक २० अंशपर्यंत--) होवे तो ग्रह जिस राशीका हो उस राशीसे पांचवीं राशीका स्वामी द्रेष्काणका स्वामी होताहै एवं ग्रह तृतीय द्रेष्काणमें (२० अंशसे अधिक ३० अंशपर्यंत) होवे तो ग्रह जिस राशीका हो उस राशीसे ९ नवमराशीका स्वामी द्रेष्काणका स्वामी जानना) मेष १ मकर १० तुला ७ और कर्क ४ से नवांश जानना अर्थात् ग्रह मेषका हो तो मेषराशीसे वृषभराशीका हो तो मकरराशीसे मिथुन राशीका हो तो तुलाराशीसे कर्कराशीका हो तो कर्कराशीसे इसी प्रकार सिंहादि सर्व राशीयों-में जितनी संख्याके नवांशविभागमें ग्रह होवे उतनी संख्यापर्यंत गिननेसे जो

१५	३०	अंश
सू.	चं.	विषम
चं.	सू.	सम

१ होराका एक विभाग १५ पंद्रह अंशका होताहै ।

२ एक द्रेष्काणका विभाग दश १० अंशका होताहै

३ तिसं अंशके ९ नवमे हिस्सेको नवांश कहते हैं एक नवांश विभाग ३ अंश २० कलाका होता है।

मेष	मकर	तुला	कर्क
१	२	३	४
५	६	७	८
९	१०	११	१२

राशी आवे उसका स्वामी नवांशका स्वामी होता है द्वादशांशके स्वामी अपनी राशीसे जानना (ग्रह जिस राशीका होवे उसी राशीसे जितनी संख्याके द्वादशांश[१]-विभागमें ग्रह होवे उतनी संख्यापर्यंत गिननेसे जो राशी आवे उसका स्वामी द्वादशांशका स्वामी होता है) ॥ और विषमराशीमें ५।५।८।७।५ इन अंशोंके मंगल, शनी, गुरु, बुध, शुक्र, क्रमसे त्रिंशांशके स्वामी कहेहैं अर्थात् विषम राशीमें ५ अंशपर्यंत भौम त्रिंशांशका स्वामी जानना ऐसेही इन ५ अंशोंके आगेके ५ अंशका स्वामी शनी इसके आगेके ८ अंश-

नवांशविभाग ।									द्वादशांशविभाग ।											
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
३	६	१०	१३	१६	२०	२३	२६	३०	२	५	७	१०	१२	१५	१७	२०	२२	२५	२७	३०
२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

का स्वामी गुरु फिर इनके आगेके ७ अंशका स्वामी बुध इसके आगेके ५ अंशका स्वामी शुक्र त्रिंशांशका स्वामी जानना. और समराशीमें उक्त त्रिंशांशके स्वामी विलोम (उलटे) कहे हैं (५ शु० ७ बु० ८ गु० ५ श० ५ मं०) ये छही वर्ग क्रमसे उत्तरोत्तर बलवान् जानना (ग्रहसे होरा बलवान् होरासे द्रेष्काण द्रेष्काणसे नवांश नवांशसे द्वादशांश द्वादशांशसे त्रिंशांश अधिक बलवान् जानना) चार ४ से अधिक वर्ग शुभग्रहके आवे तो शुभ समझना ॥ २० ॥

त्रिंशांशचक्र					
५	५	८	७	५	अंशाः
मं.	श.	गु.	बु.	शु.	विषमराशी.
शु.	बु.	गु.	श.	मं.	समराशीमें
५	७	८	५	५	अंशाः

अथ सप्तवर्गसाधनमाह ।

नगांशपास्त्वोजगृहे तदीशाद्युग्मे ग्रहे सप्तमराशिपात्तु ॥
पूर्वोक्तवर्गैः सहितो नगांशः स्युः सप्तवर्गा मुनिभिः प्रदिष्टाः ॥ २१ ॥

